कई जनपदों में उड़ान पर टिड्डी दल, विभाग सतर्क

प्रखर विकास

लखनऊ। सोमवार को प्राप्त सूचना के अनुसार अनेक टिड्डी दल जनपद आगरा, अलीगढ, मैनपुरी, सम्भल, एटा, फिरोजाबाद, फर्रूखाबाद, उन्नाव, सिद्धार्थनगर एवं कुशीनगर के विभिन्न विकासखण्डों में उड़ान पर हैं, जिन्हे ग्रामीणों के सहयोग से भगाया जा रहा है तथा रात्रि में इनके प्रवास स्थलों पर रासायनिक नियंत्रण की कार्यवाही की जायेगी।

रविवार को जनपद गोरखपुर के विकासखण्ड पाली, जनपद सिद्धार्थनगर के विकासखण्ड बर्डपुर तथा शोहरतगढ, जनपद फतेहुपर के विकासखण्ड तेलियानी तथा मलवॉ, जनपद औरैया के विकासखण्ड अछल्दा, जनपद कासगंज के विकासखण्ड पटियाली, जनपद फरुर्खाबाद के विकासखण्ड कायमगंज, जनपद हाथरस के विकासखण्ड सासनी एवं जनपद कुषीनगर के विकासखण्ड दुदही के विभिन्न ग्रामों में टिड्डी दलों का प्रवास हुआ था, जहॉ कृषि व अन्य विभागों की टीम एवं कुछ जनपदों में केन्द्रीय टीमों द्वारा संयुक्त अभियान में संस्तुत कृषि रक्षा रसायनों का प्रयोग कर इन टिड्डी दलों को समाप्त करने की कार्यवाही की गयी। इस अभियान में लगभग 60 से 70 प्रतिषत टिड्डियों को मार गिराया गया तथा शेष बची टिड्डियों के प्रवास की स्थिति में पुनः अगले अभियान में समाप्ति की कार्यवाही की जायेगी। टिड्डी दलों के आक्रमण की दषा में संस्तुत कृषि रक्षा रसायनों मैलाथियान 96 प्रतिषत ई0सी0, क्लोरपाइरीफास 50 प्रतिशत ई0सी0, क्लोरपाइरीफास 20 प्रतिशत ईसी, लैम्बडासाईहैलोथ्रिन 5 प्रतिशत ईसी तथा फिप्रोनिल 5 प्रतिषत एससी का गहन छिड़काव कर टिड्डी दलों को उनके प्रवास के ठिकानों पर ही नियन्त्रित/समाप्त करने की सलाह दी गयी है।